>

Title: Need to set up a blood bank in Banka district of Bihar -laid.

श्री गिरिधारी यादव (बांका): सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बांका में अभी तक ब्लड बैंक के न होने की तरफ दिलाना पड़ रहा है । केन्द्र सरकार की नीति है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक ब्लड बैंक स्थापित किया जाये । यह बताते हुए खेद हो रहा है कि देश में 79 ऐसे जिले हैं जहां पर ब्लड बैंक नहीं है जिसमें बिहार का मेरा संसदीय क्षेत्र बांका भी हैं। ब्लड बैंक के न होने से दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर खून नहीं मिल पाता है ऐसी कितनी मौतें मेरे जिले बांका में हुई है ।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बांका जिले में जल्द ब्लड बैंक की स्थापना की जाए।